भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 420
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2019
सोमवार, 31 आषाढ़, 1941 (शक)

कौशल विकास केन्द्र

***420. श्री टी॰ आर॰ वी॰ एस॰ रमेशः**

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करें किः

(क) क्या सरकार की कुड्डालोर सहित तमिलनाडु में कौशल विकास केन्द्र खोलने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो कुड्डालोर सहित तमिलनाडु में कुल कितने कौशल विकास केन्द्र खोले जा रहे हैं;

(ग) इस प्रयोजन के लिए केन्द्र-वार आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा तमिलनाडु में इन केन्द्रों को खोलने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"कौशल विकास केंद्र" के बारे में श्री टी. आर. वी. एस. रमेश द्वारा दिनांक 22.07.2019 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *420 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित विवरण।

(क) से (घ) कुशल भारत मिशन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक महत्वाकांक्षी स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई 2016-20 में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना का अधिदेश नहीं दिया गया है। यह योजना तमिलनाडु राज्य सहित समूचे देश में प्रत्यायित तथा संबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) के माध्यम से बड़ी संख्या में आकांक्षीय युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) तथा पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) प्राप्त करने में समर्थ बनाती है। इस स्कीम के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन और संबद्धता **स्मार्ट** (कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्र प्रत्यायन) नामक एकल खिड़की आईटी एप्लीकेशन के अंतर्गत किया जाता है। 12.06.2019 तक, कुड्डालोर सहित तमिलनाडु राज्य में 888 प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन तथा संबद्धता की गई है।

एमएसडीई पीएमकेवीवाई 2016-20 के माध्यम से देश के प्रत्येक जिले में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) नामक मॉडल तथा आकांक्षीय कौशल केंद्रों की स्थापना का भी संवर्धन करता है। एमएसडीई राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से प्रत्येक पीएमकेके को प्रचालन सहायता के साथ-साथ परियोजना निवेश के 75 प्रतिशत तक पूंजीगत व्यय प्रदान करता है। तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले सहित 32 जिलों में अब तक 41 पीएमकेके आवंटित किए जा चुके हैं। आवंटित पीएमकेके में से 28 पीएमकेके पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। कुड्डालोर जिले में पीएमकेके यूटीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है।

****